समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# महंगी दवाओं से मिलेगी राहत, कैसंर और डायबिटीज जैसी बीमारियों की 71 दवाओं के दाम तय।

Publisher Published on 15 Jul 2025



**NPPA ने कैसंर, डायबिटीज और संक्रमण की 71 आवश्यक दवाओं की अधिकतम कीमत निर्धारित कर दी, मरीजों को अब सस्ती दरों पर मिलेगी दवा।**

**नई दिल्ली :** गंभीर बीमारियों की महंगी दवाओं से परेशान मरीजों के लिए राहत की बड़ी खबर आई है। **केद्रं सरकार** ने **कैसंर, डायबिटीज, और संक्रमण जैसी जानलेवा बीमारियों की 71 आवश्यक दवाओं की अधिकतम कीमत तय कर दी है**। इससे इलाज की लागत कम होगी और आम लोगों की जेब पर दबाव घटेगा।

इस फैसले को **राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण** (**NPPA**) ने अधिसूचित किया है। इसके तहत अब मेटास्टेटिक **ब्रेस्ट कैसंर, एलर्जी, और मधुमेह** की प्रमुख दवाएं सस्ती दरों पर मिल सकेंगी।

**कौन-कौन सी दवाएं हुईं सस्ती ?**

१. **'Trastuzumab' (Reliance Life Sciences)** – **मेटास्टेटिक ब्रेस्ट** और **गैस्ट्रिक कैसंर** में उपयोगी, अब कीमत: **₹11,966 प्रति** वायल

२. **Ceftriaxone + Disodium Edetate + Sulbactam Powder** – गंभीर संक्रमण के इलाज में उपयोग, अब कीमत: ₹626

३. **Combi Pack (इंफेक्शन के लिए)** – अब कीमत: **₹515**

४. **25 एंटी-डायबिटिक फॉर्मूलेशंस** – जिनमें **Sitagliptin** और **Empagliflozin** जैसे घटक शामिल हैं

**कीमतों मे पांरदर्शिता का प्रयास :**

**NPPA** की अधिसूचना के अनुसार, कंपनियां केवल तभी **GST** जोड़ सकेंगी जब वह वाकई में सरकार को अदा किया गया हो। साथ ही, अब सभी दवा निर्माता कंपनियों को अपने उत्पाद की कीमत की जानकारी **डीलरों, राज्य औषधि नियंत्रकों**, और **सरकार** को अनिवार्य रूप से देनी होगी।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि कीमतों के निर्धारण या संशोधन का आधार कौन-सी अधिसूचना है, यह भी सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा।

### सरकार की मंशा : आम जनता को राहत और पारदर्शिता

सरकार का यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं में **समानता, दवा कीमतों मे पारदर्शिता**, और **नागरिक अधिकारों** की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

इससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी जो महंगी दवाओं के चलते इलाज अधूरा छोड़ने पर मजबूर हो जाते थे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.